(c) HAL are currently engaged in the licence manufacture of Dornier-228 aircraft.

(d) HAL is endeavouring to achieve optimal utilisation of the capacity in various divisions by obtaining more orders, redeployment of workload among the divisions and by diversification of its products.

(e) There are no proposals at present for joint production of planes.

(f) Government do not have any proposal for manufacture of commercial planes in the near future.

सिन्दरी उर्वरक कारखाने का उत्पादन

1636. **श्री शंकर दयाल सिंह:**
श्री अश्विनी कुमार:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सिन्दरी उर्वरक कारखाने की वर्तमान उत्पादन क्षमता कितनी है ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इसमें विभिन्न उत्पादों का कितना उत्पादन हुआ था ;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान इस कारखाने में कितना लाभ/हानि हुई ;

(घ) क्या सरकार ने इस कारखाने के आधुनिकीकरण के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान कोई कदम उठाये हैं ; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिन्ता मोहन): (क) सिन्दरी उर्वरक कारखाने की वर्तमान वार्षिक उत्पादन क्षमता 222,150 मी0 टन नाइट्रोजन की है ।

(ख) गत 3 वर्षों के दौरान फर्टिलाइजर कारपोरेशन आफ इंडिया लि० (एफ० सी०आई०) के सिन्दरी संयंत्र में किए गए विभिन्न उत्पादों का उत्पादन निम्नलिखित था :

	1988–89	1989–90	1990–91
यूरिया . . .	2,68,835	2,09,192	2,30,580
अमोनियम सल्फेट . .	57,670	54,201	15,163
अमोनियम नाइट्रेट . .	16,139	16,544	14,971
नित्रिक एसिड . .	44,197	50,305	50,338
अमोनियम बाईकार्बोनेट .	2,375	2,503	3,555

(ग) गत 3 वर्षों के दौरान इस संयंत्र द्वारा उठायी गयी वार्षिक हानि निम्नलिखित थी :—

वर्ष	हानि (करोड़ रु0 में)
1988–89 . .	23.69
1989–90 . .	29.75
1990–91 . .	40.91

(घ) और (ङ) सिन्दरी एकक के आधुनिकीकरण के लिए एफसी आई द्वारा उठाये गए कदम निम्नलिखित हैं :—

(1) एफसी आई के निदेशक मंडल ने 13.64 करोड़ रु० की लागत पर एयर सेपरेशन संयंत्र में मोनोकूलर सीव यूनिट को स्थापित करने के लिए एक योजना और सिन्दरी आधुनिकीकरण संयंत्र, कैप्टिव पावर संयंत्र और औद्योगिक उत्पादन संयंत्र 19.048 करोड़ रु० की लागत पर एक पुनरुद्धार योजना का अनुमोदन किया है ।

(2) एफ०सी०आई० ने 142.64 करोड़ रु0 की लागत पर 2×19 मेगावाट कैप्टिव पावर संयंत्र को स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा है ।